पंजाब केसरी 18/02/2025

# राष्ट्रीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में जी.एम.एन. कॉलेज के जितेंद्र चावला ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

अम्बाला, 17 फरवरी (बलराम): उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय जिम्नास्टिक्स प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक कांस्य पदक अपने नाम किया। इस टीम का हिस्सा रहे जी.एम.एन. कॉलेज के प्रतिभाशाली छात्र जितेंद्र चावला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल अपने कॉलेज, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया।

जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने जितेंद्र चावला की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उनके कॉलेज के लिए यह गर्व का क्षण है कि कॉलेज के छात्र ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वह उम्मीद करते हैं कि जितेंद्र भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा।




राष्ट्रीय जिम्नास्टिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जी.एम.एन. कॉलेज के छात्र जितेंद्र चावला को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त।

खेल विभाग के अध्यक्ष बृजेश कुमार ने कहा कि उनके कॉलेज का हमेशा यह प्रयास रहता है कि छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया जाए। जितेंद्र चावला ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर यह साबित किया कि जी.एम.एन. कॉलेज के छात्र किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।